StudentBounty.com

1515

Register Number

# Language — Part I — HINDI — Paper II

Time Allowed : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 80

I. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **तीन सौ** शब्दों में एक निबन्ध लिखिए : 1 × 15 = 15

1) प्रिय कवि

2) विज्ञान से लाभ-हानि

3) अहिंसा

4) आदर्श नेता ।

II. निम्नलिखित में से किसी **एक** कहानी का सारांश लगभग **तीन सौ** शब्दों में लिखिए : 1 × 15 = 15

5) चीफ की दावत

6) अकेली

7) परमात्मा का कुत्ता

8) गंगासिंह ।

III. पत्र लेखन : 10

9) जल प्रदूषण से होने वाली हानियों का वर्णन करते हुए अपने भाई को, जो छोटा है, पत्र लिखिए ।

**अथवा**

10) अपने विद्यालय के पुस्तकालय के लिए पुस्तकें मँगाने हेतु किसी पुस्तक विक्रेता को पत्र लिखिए ।

IV. 11) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 2 = 10

हमें ईश्वर ने दो आँखें, दो कान, दो हाथ, दो पैर और एक मुँह दिया है, जो मानव को ईश्वर की सबसे बड़ी देन है । विधाता द्वारा हमें दो आँखें देने का मतलब यही है कि शत्रु और मित्र को देखने की हमारी दृष्टि समान हो । दो कान इसलिए दिये हैं कि एक कान से अच्छाई सुनें और दूसरे कान से बुराई

[ Turn over

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

छोड़ दें । दो हाथ इसलिए दिये हैं कि एक हाथ से लें और दूसरे हाथ से बाँटते रहें । दो पैर इस दिये हैं कि हम कदम मिलाते हुए देश की ताकत बढ़ायें । किन्तु विधाता ने हमें एक ही मुँह दिया है । इसका कारण क्या है ? इसलिए कि मर्यादापुरुषोत्तम राम की तरह एक वचनी हों । देश के लिए वचनबद्ध हों । इस लोक-कल्याण की भावना में समस्त मानव जाति का कल्याण निहित है ।

प्रश्न :

i) ईश्वर की सबसे बड़ी देन क्या है ?

ii) ईश्वर ने हमें दो हाथ किसलिए दिये हैं ?

iii) शत्रु और मित्र की ओर हमारी दृष्टि कैसी हो ?

iv) ईश्वर ने हमें दो पैर किसलिए दिये हैं ?

v) मानव जाति का कल्याण किस बात में निहित है ?

V. 12) संधि कीजिए : 5 × 1 = 5

अ) शत + आब्दी

आ) शिव + आलय

इ) इति + आदि

ई) परम + आत्मा

उ) देव + आलय ।

13) निम्नलिखित का सन्धि-विच्छेद कीजिए : 5 × 1 = 5

अ) सुरेश

आ) सुरेन्द्र

इ) राजेन्द्र

ई) गणेश

उ) परमेश्वर ।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

VI. 14) निम्न शब्दों के समास-विग्रह करके नाम बताइए : 5 × 1

अ) यथाशक्ति

आ) भारत-माता

इ) विद्याधन

ई) सतसई

उ) पंचानन ।

VII. 15) निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलकर लिखिए : 5 × 2 = 10

अ) अब तुम तुम्हारे घर को जाओ ।

( शुद्ध करके लिखिए )

आ) चित्रकार चित्र बनाता है ।

( भविष्यत् काल में बदलिए )

इ) हम गांधीजी .................. आदर करते हैं ।

( को, का, की, उचित शब्द भरिए )

ई) अध्यापक पाठ पढ़ाते हैं ।

( अकर्मक क्रिया में बदलिए )

उ) बच्चे खेलते हैं ।

( सकर्मक क्रिया में बदलिए )

VIII. 16) निम्न शब्दों में से किन्हीं **दस** के हिन्दी पर्याय लिखिए : $10 \times \frac{1}{2} = 5$

i) Treasurer
ii) Under secretary
iii) Speaker
iv) Secretary
v) Prime minister
vi) Member
vii) Judge
viii) Home Minister
ix) Head of the Department
x) Governor
xi) Finance Minister
xii) Director
xiii) Delegate
xiv) Employee.

StudentBounty.com

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers